# केन्द्रीय विद्यालय, विजयपुर

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

**अर्धवार्षिक परीक्षा**

**विषय : हिन्दी** | **Half Yearly Exam** | **अधिकतम अंक : 80**

**कक्षा: IX** | **प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (Model Question Paper)** | **निर्धारित समय : 180 मिनट**

**छात्र/छात्रा का नाम :** | **अक्तूबर-2019**

---

**निर्देश** : खंड–क (15 अंक), खंड–ख (15 अंक), खंड–ग (30 अंक), खंड–घ (20 अंक)

---

## खंड–क

**प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

साक्षरता का अभिप्राय है – अक्षर–ज्ञान । अक्षर–ज्ञान के बिना शिक्षा का विकास संभव नहीं है । एक वक्तव्य के अनुसार चिंतन का आधार मन है । यह जरूरी नहीं कि अक्षर–ज्ञान से ही कोई समझदार बन सकता है । विचार में साक्षरता, शिक्षा नहीं है, परंतु हमारे विचार में अक्षर–ज्ञान के बिना चिंतन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकती । अक्षरों से शब्द बनते हैं, शब्दों से वाक्य और वाक्यों से भाषा का रूप तैयार होता है । किसी बात को समझने तथा समझाने के लिए भाषा अनिवार्य है । अतः अक्षर–बोध के बिना भाषा–ज्ञान नहीं हो सकता और भाषा के अभाव में न विचारों की अभिव्यक्ति हो सकती है, न चिंतन हो सकता है, न एक–दूसरे के विचारों को समझा जा सकता है और मनुष्य का जीवन–स्तर पशुओं से ऊपर ले जाना भी दुष्कर होगा । इसलिए साक्षरता के बिना मानव–जीवन में किसी प्रकार की प्रगति की आशा व्यर्थ है। भारत में बहुत समय तक राज्य सरकार द्वारा शिक्षा का समुचित प्रबंध न किए जाने से इतने बड़े देश में निरक्षर लोगों की संख्या बढ़ गई । इससे शिक्षा का समुचित प्रबंध न किए जाने से इतने बडे देश में निरक्षर लोगों की संख्या बढ़ गई । इससे शिक्षा प्राप्ति के सारे मार्ग रूक गए और प्रगति के लिए चिंतन कार्य न हो सका । फलतः कई सदियों तक इस देश में वैज्ञानिक प्रगति शून्य के बराबर रही, जिससे आर्थिक विषमताओं का प्रकोप झेलना पड़ा ।

अ) अक्षर–ज्ञान के बिना शिक्षा का विकास क्यों संभव नहीं है ? 2

ब) भारत को आर्थिक विषमताओं का प्रकोप क्यों झेलना पड़ा ? स्पष्ट कीजिए । 2

क) मनुष्य का जीवन–स्तर पशुओं से ऊपर ले जाना कब दुष्कर हो जाएगा ? 2

ड) भारत जैसे बड़े देश में निरक्षर लोगों की संख्या क्यों बढ़ गई ? 1

इ) 'वैज्ञानिक' शब्द में निहित मूल शब्द व प्रत्यय क्या है ? 1

**प्रश्न.2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

जा रहा हूँ दूर दुनिया से बिछुडकर देखकर ये आँख में आँसू न भरना,
टूटती आवाज़ में फिर कह रहा हूँ साथियो ! अपने वतन से प्यार करना ।
काश मेरी माँ यहाँ से देख पातीं घाव मैंने पीठ पर खाया नहीं है
दूध का बदला चुकाकर जा रहा हूँ रक्तरंजित गात मुरझाया नहीं है
जन्म जितनी बार भी लूँ इस धरा पर दूध ऐसी सिंहनी का ही पिऊँ मैं
चार दिन की जिंदगी या सौ बरस की देश का हित साधने को ही जिऊँ मैं
मैं अमरता का कभी याचक नहीं हूँ देश के हित में सदा स्वीकार मरना ।
प्रेयसी की माँग का सिंदूर लेकर माँग मैंने आज धरती की भरी है
श्वेत साड़ी रह गई है प्रेयसी की चुनरी स्वाधीनता की तो हरी है
तोड़कर चूड़ी प्रिया सबसे कहेगी जुल्म की जंजीर प्रियतम तोड़ आया

उम्रभर को सो गया मुँह मोड़कर जो  दुश्मनों की तोप के मुँह मोड आया
रोशनी उसके लिए ये सीख देगी  घायलों की सेविका बनकर विचरना ।

अ) वीर सैनिक अपने साथियों से क्या अनुरोध कर रहा है । 2

ब) सैनिक अपनी माँ से क्या कहना चाहता है ? 1

क) सैनिक क्यों चाहता है कि उसकी माँ उसे देख पाती ? 2

ड) प्रियतम को खोकर भी प्रेयसी को दुख क्यों नहीं होगा ? 1

इ) कवि ईश्वर से क्या याचना नहीं करता ? 1

## खंड–ख

**प्रश्न.3 1) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।**

क) 'उच्चारण' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग व मूल शब्द लिखिए । 1

ख) 'सम्' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए । 1

ग) 'दुनियादारी' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय व मूल शब्द लिखिए । 1

घ) 'इक' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए । 1

**2) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कर समास का भेद लिखिए । 3**

देशवासी, राजा–प्रजा, नीलकंठ ।

**प्रश्न.4 1) अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए ।**

क) आपकी यात्रा मंगलमय हो । 1

ख) रात क समय तुम्हें घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए । 1

2) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए ।

क) सभी बच्चे खेलते हैं । (आज्ञावाचक) 1

ख) आज तो मज़ा आ गया । (विस्मयवाचक) 1

**प्रश्न.5 अलंकार बताइए । 4**

1) जो नत हुआ वह मृत हुआ ज्यों वृंत से झर कर कुसुम

2) विज्ञान–यान पर चढ़ी हुई सभ्यता डूबने जाती है ।

3) तू मोहन के उर बसी हवै उरबसी समान।

4) प्रातः नभ था बहुत नीला शंख जैसे ।

## खंड–ग

**प्रश्न.6 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर लिखिए ।**

कुत्ता भी बहुत गरीब जानवर है, लेकिन कभी–कभी उसे भी क्रोध आ ही जाता है; किंतु गधे को कभी क्रोध करते नहीं सुना, न देखा । जितना चाहो गरीब को मारो, चाहे जैसी खराब, सड़ी हुई घास सामने डाल दो, उसके चेहरे पर कभी असंतोष की छाया भी न दिखाई देगी । वैशाख में चाहे एकाध बार कुलेल कर लेता हो; पर हमने तो उसे कभी खुश होते नहीं देखा । उसके चेहरे पर एक स्थायी विषाद, स्थायी रूप से छाया रहता है । सुख–दुख, हानि–लाभ, किसी भी दशा में उसे बदलते नहीं देखा । ऋषियों–मुनियों के जितने गुण हैं, वे सभी उसमें पराकाष्ठा को पहुँच गए हैं, पर आदमी उसे बेवकूफ कहता है ।

1) गधे कभी क्रोध क्यों नहीं करते ? 2

2) गधे में ऐसे कौन-से गुण हैं, जो ऋषियों और मुनियों में भी देखने को मिलते हैं ? 2

3) मनुष्य गधे को मूर्ख क्यों समझता है ? 1

**अथवा**

सन् 57 के सितंबर मास में अद्‌र्ध रात्रि के समय चाँदनी में एक बालिका स्वच्छ उज्वल वस्त्र पहने हुए नाना साहब के भग्नावशिष्ट प्रासाद के ढेर पर बैठी रो ही थी । पास ही जनरल अउटरम की सेना भी ठहरी थी । कुछ सैनिक रात्रि के समय रोने की आवाज़ सुनाकर वहाँ गये । बालिका केवल रो रही थी । सैनिकों के प्रश्न का कोई उत्तर न देती थी

1) रोती हुई बालिका कौन थी और वह कहाँ बैठी रो रही थी ? 2

2) बालिका सैनिकों के प्रश्नों के उत्तर क्यों नहीं दे रही थी ? 2

3) 'उज्वल' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए । 1

**प्रश्न.7 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए । 2X4=8**

1) आपके अनुसार वस्तुओं को खरीदने का आधार वस्तु की गुणवत्ता होना चाहिए या उसका विज्ञापन? तर्क देकर स्पष्ट करें ।

2) लेखक जाबिर हुसैन ने 'साँवले सपने की याद' पाठ में अंतहीन सफर किसे कहा है और क्यों ?

3) कांजीहौस में कैद पशुओं की हाजिरी क्यों ली जाती होगी ?

4) लेखक लडकोर के मार्ग में अपने साथियों से किस कारण पिछड गया ?

5) मैना जड़ पदार्थ मकान को बचाना चाहती थी पर अंग्रेज उसे नष्ट करना चाहते थे । क्यों ?

**प्रश्न.8 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

क्या?-देख न सकती जंजीरों का गहना ?
हथकडियाँ क्यों ? यह ब्रिटिश-राज का गहना,
कोल्हू का चर्रक चूँ? - जीवन की तान,
गिट्टी पर अँगुलियों ने लिखे गान !
हूँ मोट खींचता लगा पेट पर जूआ,
खाली करता हूँ ब्रिटिश अकड का कूँआ ।
दिन में करूणा क्यों जगे, रूलानेवाली
इसलिए रात में गजब ढा रही आली ?
इस शांत समय में,
अंधकार को बेध, रो रही क्यों हो ?
कोकिल बोलो तो !
चुपचाप, मधुर विद्रोह - बीज
इस भाँति बो रही क्यों हो ?
कोकिल बोलो तो !

1) कवि के अनुसार कोयल के मन में करूणा क्यों जाग रही है ? 2

2) कवि हथकड़ी को क्या मानते हैं और क्यों ? 2

3) कवि का कैदी जीवन किस प्रकार का था ? 1

**अथवा**

आगे–आगे नाचती–गाती बयार चली,
दरवाजे–फिडकियाँ खुलने लगीं गली–गली
पाहुन ज्यों आए हों गाँव में शहर के ।
पेड़ झुक झाँकने लगे, गरदन उचकाए,
आँधी चली धूल भागी घाघरा उठाए
बाँकी चितवन उठा, नदी ठिठकी, घूँघट सरके
मेख आए बडे बन–ठन के सँवर के ।

1) मेघ किस रूप में आए ? 2
2) मेंघों का स्वागत किस प्रकार किया गया ? 2
3) मेघों को किसके समान माना गया है ? 1

**प्रश्न.9 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए । 2X4=8**

1) ईश्वर प्राप्ति के लिए बहुत से साधक हठयोग जैसी कठिन साधना भी करते हैं, लेकिन उससे भी लक्ष्य–प्राप्ति क्यों नहीं होती ?
2) कवि रसखान का ब्रज के वन, बाग और तालाब को निहारने के पीछे क्या कारण हैं ?
3) कोयल की कूक सुनकर कवि की क्या प्रतिक्रिया थी ?
4) कबीर ने ईश्वर प्राप्ति के लिए किन प्रचलित विश्वासों का खंडन किया है ?
5) ब्रजभूमि के प्रति कवि का प्रेम किन–किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है ?

**प्रश्न.10 'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर लिखिए कि जीवन में कैसे इंसानों को अधिक श्रद्धा भाव से देखा जाता है ? 4**

**अथवा**

परदारी ने पतोहू के लिए पहले बच्चे के रूप में लडकी पैदा होने की मन्नत क्यों माँगी ?

## खंड–घ

**प्रश्न.11 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखिए । 10**

1) बढती आबादी : विकट समस्या
संकेत बिंदु : * भूमिका * आबादी बढने के कारण * आपादी बढने से उत्पन्न समस्याएँ * जनसंख्या रोकने के उपाय * उपसंहार
2) छात्र और अनुशासन
संकेत बिंदु : * भूमिका * जीवन का आरंभिक काल * अनुशासित जीवन * अनुशासनहीनता के कारण * उपसंहार
3) प्रकृति और हम
संकेत बिंदु : * भूमिका * मनुष्य : प्राकृतिक शक्ति का संवाहक * कवियों की दृष्टि में प्रकृति * मनुष्य के लिए आनंद का साधन * मानव द्वारा प्रदूषण * उपसंहार

**प्रश्न.12 बिजली एवं पेयजल की समस्या पर समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए । 5**

**प्रश्न.13 परीक्षा से पहले दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद रूप में लिखिए । 5**

# केन्द्रीय विद्यालय, विजयपुर

**अर्धवार्षिक परीक्षा**

**Half Yearly Exam**

**प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (Model Question Paper)**

**विषय : हिन्दी** | **अधिकतम अंक : 80**
**कक्षा:** IX | **निर्धारित समय : 180 मिनट**
**छात्र/छात्रा का नाम :** | **अक्तूबर-2019**

**निर्देश** : खंड–क (15 अंक), खंड–ख (15 अंक), खंड–ग (30 अंक), खंड–घ (20 अंक)

**खंड–क**

**प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

सोलहवीं गुफा के दो चित्र उल्लेखनीय हैं – गहरी रात में भगवान बुद्ध गृह–त्याग कर रहे हैं । यशोधरा और उनके संग शिशु राहुल सोया हुआ है । पास की परिचारिकाओं पर भी निद्रा ने मोहिनी डाल रखी है । इस दृश्य पर एक निगाह डालते हुए बुद्धदेव अंकित किए गए हैं । उस दृष्टि में मोह–ममता नहीं,प्रत्युत उनका अंतिम त्याग अंकित है । यही इस कृति का रहस्य है ।

एक स्थान पर मरती हुई राजकुमारी का चित्र है । उसके बचाने के सभी उपाय अवश्यंभावी के आगे व्यर्थ हो गए हैं । मुमूर्षु की अवस्था और आस–पासवालों की विकलता दर्शक को द्रवित किए बिना नहीं रहती। अजंता की सत्रहवीं गुफा के सभी चित्र एक–से–बढ़कर एक हैं । ऐसा जान पड़ता है कि सबसे चतुर चितेरों ने इसी गुफा में अपनी कला दिखाई है ।

यहाँ पर एक तो माता–पुत्र का प्रसिद्ध चित्र है, किंतु इसे चित्र के विषय का आधा ही ज्ञान होता है । यहाँ तो हम इतनी ही देखते हैं कि एक माता अपने पुत्र को किसी के सामने साग्रह उपस्थित कर रही है और पुत्र भी अंजलि पसारकर उस व्यक्ति के सामने उपस्थित है । किंतु कौन है वह व्यक्ति, जिसपर इन दोनों की टकटकी लगी हुई है ।

अ) गौतम बुद्ध के गृहत्याग से संबंधित कृति का रहस्य क्या है ? 2
ब) मरती हुई राजकुमारी का चित्र सबके मन पर क्या प्रभाव डालता है ? 2
क) माता–पुत्र के प्रसिद्ध चित्र के विषय में आधा ही ज्ञान क्यों होता है ? 2
ड) इस अनुच्छेद में किस व्यक्ति का वर्णन किया जा रहा है ? 1
इ) 'मुमूर्षु' शब्द का अर्थ क्या है ? 1

**प्रश्न.2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

क्या सुना आज इन कानों ने मेरे बापू तुम नहीं रहे ?
युग–युग के बापू नहीं रहे जन–जन के बापू नहीं रहे ?
विश्वास नहीं होता सचमुच उर की धड़कन कहती रूक–रूक
जब तक ऊसर है पग–पग में हिमगिरि कैसे ढह–ढह सकता है ?
जब तक अँधियारा है जग में दिनकर कैसे बुझ सकता है ?
जब तक दुर्योधन घर–घर में चिर–सत्य–अहिंसा–व्रती रथी
पथ पर कैसे रूक सकता है ? यह पहला अवसर जबकि
सत्य भी छलना बनकर छलता है, तुमको पाना–खोना दोनों
अद्भुत सपना–सा लगता है । तुम देही कब थे देव !
सदा उन्मुक्त तुम्हारी हस्ती थी हे अमर–ज्योति मिट्टी तुमको

कब तक बाँधे रख सकती थी । तुम कहाँ नहीं हो आज
खेत-खलिहान-महल झोंपड़ियों में, गृह-गृह में, अंतर-अंतर में
अविरल आँसू की लड़ियों में । दिक् में दिगंत में व्याप्त
सूर्य-शशि-तारक-द्युति-फुलझड़ियों में तुम बिखर गए मेरे विराट
ब्रह्मांड-विकास-विवर्तन में । तुम निखर उठे चिरज्योतिर्मय-
क्षेत्रज्ञ, चेतना चेतन में सहसा सिहरन-सी दौड़ गई
कण-कण अणु-अणु के स्पंदन में हे पिता, तुम्हीं ने हम सबको
गति दी, जीवन का ज्ञान दिया हँस - हँस स्वतंत्रता की वेदी पर
मिटने पर अभिमान दिया ।

अ) कवि को किस बात पर विश्वास नहीं हो रहा है और क्यों ? 2

ब) कवि को गाँधी जी कहाँ-कहाँ उपस्थित लगते हैं ? 1

क) गांधीजी ने भारतीयों को क्या संदेश दिया ? 2

ड) 'गृह-गृह में, अंतर में' - काव्य पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ? 1

इ) 'जब तक अँधियारा है जग में, दिनकर केसै बुझ सकता है'-इसमें 'दिनकर' किस का प्रतीक है? 1

## खंड-ख

**प्रश्न.3 i) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।**

क) 'परीक्षा' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग व मूल शब्द लिखिए । 1

ख) 'उप' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए । 1

ग) 'भुलक्कड़' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय व मूल शब्द लिखिए । 1

घ) 'आई' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए । 1

**ii) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कर समास का भेद लिखिए । 3**

राजकुमार, यथाशक्ति, रात-दिन।

**प्रश्न.4 i) अर्थ की दृष्टि से वाक्य भेद बताइए ।**

क) क्या बच्चे लाइन में जाएँगे ? 1

ख) यदि वर्षा अच्छी होती है तो फसल भी अच्छी होती है । 1

**ii) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए ।**

क) बचे निबंध लिख रहे हैं । (संदेहवाचक) 1

ख) सीता गा रही है । (विस्मयवाचक) 1

**प्रश्न.5 अलंकार बताइए । 4**

i) काँपा कोमलता पर सस्वर, ज्यों मालकोश नव वीणा पर ।

ii) नदियाँ जिनकी यशोधरा-सी, बहती हैं अब भी निशि वासर ।

iii) चरण-कमल बंदौ हरिराई ।

iv) कालिंदी कूल कदंब की डारन ।

## खंड–ग

**प्रश्न.6 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही उत्तर लिखिए ।**

चार–पाँच बजे के करीब मैं गाँव से मील भर पर था, तो सुमति इंतजार करते हुए मिले । मंगोलों का मुँह वैसे ही लाल होता है और अब तो वे पूरे गुस्से में थे । उन्होंने कहा –''मैंने दो टोकरी कंडे फूँक डाले, तीन तीन बार चाय को गरम किया ।'' मैंने बहुत नरमी से जवाब दिया – ''लेकिन मेरा कसूर नहीं है मित्र ! देख नहीं रहे हो, कैसा घोड़ा मुझे मिला है । मैं तो रात तक पहुँचने की उम्मीद रखता था ।'' खैर, सुमति को जितनी जल्दी गुस्सा आता था, उतनी ही जल्दी वह ठंडा भी हो जाता था ।

अ) सुमति कौन थे ? तथा लेक ने कैसे जाना कि सुमति गुस्से में थे ? 2

ब) गद्यांश के आधार पर सुमति की विशेषता बताएँ । 2

क) इस गद्यांश के लेखक कौन हैं ? 1

**प्रश्न.7 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए । 2X4=8**

अ) सालिम अली तत्कालीन प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह के पास किस उद्देश्य से गए थे ?

ब) किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी ।

क) सर टामस 'हे' के मैना पर दया–भाव के क्या कारण थे ?

ड) अपनी यात्रा के दौरान लेखक राहुल सांकृत्यायन को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ?

इ) कांजीहौस में कैद पशुओं की हाजिरी क्यों ली जाती होगी ?

**प्रश्न.8 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

संतौं भाई आई ग्याँन की आँधी रे ।
भ्रम की टाटी सबै उड़ाँनी, माया रहै न बाँधी ।।
हिति चित्त की द्वै थूँनी गिराँनी, मोह बलिंडा टूटा ।
त्रिस्नाँ छाँनि परि घर ऊपरि, कुबधि का भाँडाँ फूटा ।।
जोग जुगति करि संतौं बाँधी, निरचू चुवै न पाँणी ।
कूड़ कपट काया का निकस्या, हरि की गति जब जाँणी ।।
आँधी पीछे जो जल बूठा, प्रेम हरि जन भींनाँ ।
कहै कबीर भाँन के प्रगटे उदित भया तम खीनाँ ।।

अ) ज्ञीन की आँधी आने पर भक्त के जीवन पर क्या प्रभाव दिखाई पड़ता है ? 2

ब) गुरू की कृपा का कबीर के जीवन पर क्या प्रभाव दिखाई दिया ? 2

क) 'उदित भया तम खीनाँ' का क्या अर्थ है ? 1

**प्रश्न.9 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए । 2X4=8**

अ) 'या मुरली मुलरीधर की अधरान धरी अधरा न धरौंगी' भाव स्पष्ट कीजिए ।

ब) 'काननि दै अँगुरी रहिबो ............ न जैहै, न जैहै, न जैहै ।।' चौथे सवैये के अनुसार गोपियाँ अपने आपको क्यों विवश पाती हैं ?

क) सरसों को 'सयानी' कहकर कवि क्या कहना चाहता होगा ?

ड) कैदी और कोकिला कविता के आधार पर पराधीन भारत की जेलों में दी जाने वाली यंत्रणाओं का वर्णन कीजिए ।

इ) किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कुल से होती है या उसके कर्मों से ? तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

**प्रश्न.10 लेखिका की नानी की आज़ादी के आंदोलन में किस प्रकार की भागीदारी रही ?** **4**

**अथवा**

'शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है' इस दिशा में लेखिका मृदुला गर्ग के प्रयासों का उल्लेख कीजिए ।

## खंड–घ

**प्रश्न.11 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखिए ।** **10**

अ) मेरा प्रिय मित्र
संकेत बिंदु : • भूमिका, • मित्रता का महत्व, • विशेषताएँ, गर्व की भावना, • उपसंहार

ब) परोपकार अथवा परहित सरिस धरम नहिं भाई
संकेत बिंदु : • भूमिका, • परोपकार का अर्थ, • प्रकृति से शिक्षा, • आनंद और संतोष, • भारतीय संस्कृति में परोपकार, • उपसंहार

क) हमारा प्यारा देश : भारतवर्ष
संकेत बिंदु : • भारत का महत्व, • संस्कृति और सभ्यता, • विविधता में एकता, • उपसंहार

**प्रश्न.12 आर्थिक सहायता प्राप्त करने हेतु अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थनापत्र लिखिए ।** **5**

**प्रश्न.13 दो मित्र बाढ़–पीडितों की सहायता के लिए जाना चाहते हैं, उनके बीच हुए वार्तालाप को संवाद रूप में लिखिए ।** **5**